


हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर


**अनमोल वचन**

"सपने वो नहीं जो आप सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते।" – एपीजे अब्दुल कलाम


शनिवार 04 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 92 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# राजगीर में सब जूनियर हॉकी नेशनल चौंपियनशिप का रोमांच तीसरे दिन गोवा, उत्तराखंड और अरुणाचल की धमाकेदार जीत

## करण कुमार की हैट्रिक से गूंजा राजगीर, गोवा की एकतरफा जीत से मचा तहलका

**केशववाणी रानी सिन्हा /शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर (नालंदा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर मेन नेशनल चौंपियनशिप 2026 में तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। 1 से 12 अप्रैल तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में चल रही इस प्रतियोगिता में गोवा हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और हॉकी अरुणाचल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने मैच जीत लिए। डिवीजन सी के पूल बी में खेले गए मुकाबले में गोवा हॉकी ने हॉकी राजस्थान को 7–0 से करारी शिकस्त दी। मैच में गोवा की ओर से करण कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2′, 12′ और 44वें मिनट में गोल दागकर हैट्रिक पूरी की। उनके अलावा साहिल प्रमोद (17′), दिलशाद अली (27′), श्रेयश हुंड्रे चंगादेव (30′) और अंकित (38′) ने भी गोल कर टीम की जीत को एकतरफा बना दिया। वहीं डिवीजन बी, पूल ए के मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी बंगाल को 5–2 से हराया। उत्तराखंड की ओर से विक्की सिंह बोहरा ने मैच के शुरुआती मिनटों (1′ और 4′) में ही दो गोल कर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। इसके बाद गोविंद सिंह ने 7वें और 60वें मिनट में दो गोल किए, जबकि अमन कुमार ने 52वें मिनट में एक गोल जोड़ा। हॉकी बंगाल के लिए कप्तान रिजू बार (9′) और सुजल तुरी (22′) ने गोल किए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।डिवीजन बी, पूल बी के एक अन्य मुका. बले में हॉकी अरुणाचल ने हॉकी बिहार को 4–2 से पराजित किया। अरुणाचल के लिए शुभम राजभर (7′), दीपक राव (24′), रामांश





सिंह (34′) और मोहित यादव (38′) ने गोल किए। वहीं हॉकी बिहार की ओर से सुमन कुमार ने दूसरे मिनट में ही गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान अभय शाह ने 58वें मिनट में एक और गोल किया, लेकिन यह प्रयास टीम को हार से बचाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। आगे के मुकाबलों में भी इसी तरह के रोमांचक खेल की उम्मीद जताई जा रही है।







# प्रखंड के विभिन्न गांवों में अगलगी में 11 बीघा से अधिक की गेहूं की फसल जलकर राख

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** प्रखंड के बढ़ौना, गा. `वडीहा एवं बिरजु बिगहा खंधा में आग लगने से 10 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं लोदीपुर गांव में एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीण विनोद कुमार ने बताया कि अचानक से दोपहर के समय खंधा में आग सुलग गई। उसके बाद पछूआ हवा के कारण देखते ही देखते आग ने जोर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने मिलकर डंडा से पीट–पीटकर व पानी से किसी तरह से आग पर काबू पाया। उसके बाद लोगों ने इसकी सूचना अग्निशामक को दी। सूचना पाकर दमकल पहुंचा और अग्निशमन कर्मियों ने मिलकर भी पानी की बौछार से आग पर काबू पाने में मदद की। हालांकि जब तक दमकल पहुंचता तब तक ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया था। ग्रामीण जगनारायण, विनोद, रंजीत प्रसाद, विजय यादव, अनिल यादव, अशोक यादव, बबलू यादव, आडवानी सहित अन्य लोगों ने हर पौधों की मदद से आग पर काबू पाने में लगे रहे। लोगों ने बताया कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका। लोगों ने आशंका जतायी कि शार्ट सर्किट भी आग लगने का कारण हो सकता है। वहीं लोद. ीपुर के पूर्व मुखिया अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि लोदीपुर में भी शुक्रवार को गेहूं के खेत में आग लग गई। एक बीघा से अधिक की फसल जलकर राख हो गई। गांव वालों ने किसी तरह से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उसके बाद अग्निशामक को भी इसकी सूचना दी गई।

# जनता की सेवा ही हमारा सच्चा कर्म और धर्म: सांसद कौशलेंद्र कुमार

## 6 अप्रैल को राजगीर–पटना–राजगीर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार के प्रयासों से राजगीर–पटना–राजगीर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन अब नियमित रूप से संचालित की जाएगी। इस संबंध में दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार द्वारा जारी पत्र में जानकारी दी गई है। बताया गया है कि 6 अप्रैल (सोमवार) को राजगीर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन का शुभारंभ किया जाएगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार अपराह्न 3:10 बजे हरी झंडी दिखाकर राजगीर–पटना–राजगीर एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। इस ट्रेन के नियमित संचालन से शाम के समय पटना आने–जाने वाले नौकरीपेशा लोगों, व्यवसायियों, पर्यटकों तथा अन्य यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। लंबे समय से इस रूट पर नियमित ट्रेन सेवा की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनका सच्चा कर्म और धर्म है। उन्होंने बताया कि वे क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लगातार लो. कसभा में आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि राजगीर से अन्य नई ट्रेनों के परिचालन की भी संभावना है, जिसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।





सांसद ने यह भी बताया कि उन्होंने रेल मंत्री से कई बार व्यक्तिगत मुलाकात कर नालंदा की रेल समस्याओं को उठाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का समग्र विकास तेजी से हो रहा है।






अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# बिहारशरीफ में रोटरी क्लब तथागत की नई टीम का गठन, सर्वसम्मति से हुआ चयन







**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा) ।** रोटरी क्लब तथागत, बिहारशरीफ में सत्र 2026–27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई टीम का स्वागत किया। नई कार्यकारिणी में रोटेरियन महेश कुमार लोहानी को अध्यक्ष (प्रेसिडेंट ), रो. डॉ. नीरज कुमार को सचिव (सेक्रेटरी ) तथा पूर्व अध्यक्ष रो. अशोक कुमार को कोषाध्यक्ष (ट्रेज़रर) चुना गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष रो. जोसेफ टिटी ने नव–निर्वाचित अध्यक्ष महेश कुमार लोहानी को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। वहीं पूर्व अध्यक्ष रो. दीपक कुमार ने सचिव डॉ. नीरज कुमार को गुलदस्ता देकर शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर वर्तमान अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने नव–निर्वाचित अध्यक्ष को साफा पहनाकर सम्मानित किया, जबकि जॉइंट सेक्रेटरी रो. संजना जोसेफ ने सचिव को साफा पहनाकर सम्मानित किया। यह परंपरा क्लब के सम्मान और नेतृत्व की भावना को दर्शाती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने नव–चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में क्लब सेवा कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा नई ऊँचाइयों को हासिल करेगा। अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर रोटरी क्लब तथागत के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# नगरनौसा में भीषण अगलगी: सैकड़ों एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक, किसानों में हाहाकार



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मनीचक गांव स्थित खंधा में भीषण आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग की इस घटना में दर्जनों किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय किसानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना हो गई हैं और आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद प्रभावित किसानों में भारी आक्रोश और मायूसी का माहौल है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किए जाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना है।

# नालंदा में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं, निर्बाध आपूर्ति जारी– डीएम कुंदन कुमार

## 54 एजेंसियों के जरिए रोजाना 9,000 से अधिक सिलिंडर की आपूर्ति , पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने पर जोर



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा) ।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की कमी की खबरों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए आम लोगों को राहत दी है। जिला पदाधिकारी (डीएम) कुंदन कुमार ने बताया कि नालंदा जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य व निर्बाध है। डीएम ने जानकारी दी कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है। वर्तमान में तीनों गैस कंपनियों की 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 9,077 घरेलू गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद गैस रिफिल के लिए आवेदन किया जा सकता है।

**पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा, तीन शहरों में सुविधा उपलब्ध**


जिला पदाधिकारी ने बताया कि नालंदा जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सुविधा का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। फिलहाल बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। अब तक करीब 1,200 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने इन क्षेत्रों के लोगों से पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील करते हुए कहा कि इससे लोगों को मेट्रो शहरों जैसी सुविधा मिलेगी और एलपीजी पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, जल्द ही विशेष कैंप लगाकर और अधिक लोगों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

**अफवाहों से बचें, कंट्रोल रूम से करें संपर्क**

डीएम ने आम जनता से अपील की कि गैस की कमी से जुड़ी किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। गैस से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबररू 06112–233168) संचालित किया जा रहा है।

**कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति या संस्थान द्वारा एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने लोगों से अपील की कि ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम पर दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।









# पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, स्पीडी ट्रायल की मांग

**केशववाणी (नालंदा)।** महिला से बदसलुकी की घटना को लेकर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी चिंता जताई। उन्होंने परिजनों को ₹50,000 की आर्थिक सहायता दी और गांव में रोजगार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद ने प्रशासन से दोषियों पर स्पीडी ट्रायल चलाकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज और राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं तथा अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने महिलाओं के प्रति समाज की सोच पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पीड़िता को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति गलत है। पप्पू यादव ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत को भी अपराध का बड़ा कारण बताया और समाज से महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल कानून नहीं, बल्कि समाज की सोच में बदलाव जरूरी है।



इस दौरान समाजसेवी राजू दानवीर ने भी दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए कहा कि न्याय के लिए निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मघड़ा हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बेलदरिया विद्यालय में प्रार्थना सभा

**केशववाणी (नालंदा)।** शीतला माता मंदिर, मघड़ा में हाल ही में हुई दुखद भगदड़ की घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया, पावा में एक भावुक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रार्थना सभा के दौरान वातावरण काफी गंभीर और भावुक रहा। छोटे–छोटे बच्चों ने भी इस दुखद घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक रोहित कुमार ने बच्चों को भगदड़ जैसी घटनाओं के कारणों, उससे होने वाली जान–माल की क्षति और बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर हमेशा सतर्क रहना चाहिए और अनावश्यक रूप से ऐसी जगहों पर जाने से बचना चाहिए। यदि जाना आवश्यक हो तो धैर्य बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने आगे कहा कि भगदड़ की स्थिति में गिरने से बचना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि कोई व्यक्ति गिर जाए तो तुरंत उठने का प्रयास करें और आसपास के लोगों को भी सतर्क करें। दीवार, खंभे या किसी मजबूत वस्तु का सहारा लेकर खुद को सुरक्षित रखें या भीड़ के बहाव के साथ संतुलित तरीके से आगे बढ़ें।



साथ ही, किसी भी बड़े आयोजन स्थल पर जाने से पहले आपातकालीन निकास द्वार की जानकारी अवश्य रखें। प्रधान शिक्षक ने यह भी कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में संयम, धैर्य और सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है, जिससे बड़े हादसों के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बिनोद पांडेय, ललन पंडित, चंद्रशेखर पासवान एवं पायल गांधी ने भी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों को भीड़भाड़ में होने वाले संभावित खतरों के प्रति जागरूक किया और सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपाय बताए।

# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, मारपीट के बाद फायरिंग से गांव में दहशत

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट थरथरी (नालंदा)।** नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नटायचक एवं भातु बिगहा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने अचानक गंभीर रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल शत्रुधन सिंह ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि घटना के बाद देर रात आरोपित पक्ष के लोग गांव में पहुंचकर फायरिंग करने लगे और केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल कायम हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए रात भर गांव में कैंप करती रही। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ–2026 अभियान शुरू करने का निर्णय, अवैध कब्जों पर चलेगा बुलडोजर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नगर निगम ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ–2026" अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत शहर में अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए सभी प्रकार के अवैध कब्जों को हटाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दंड राशि भी वसूली जाएगी। नगर निगम के अनुसार, मकान और भवनों से निकली अवैध सीढ़ियां , स्ट्रीट लाइन से आगे बढ़कर सड़क पर लगाए गए दुकानों के अतिक्रमण, नालों और सड़कों पर किए गए सभी प्रकार के कब्जों को चिन्हित कर हटाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम स्तर पर विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें आवश्यक कर्मी और पदाधिकारी सभी जरूरी उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। नगर निगम ने विशेष रूप से मछली मंडी से आनंद पथ होते हुए कुशवाहा धर्मशाला तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत नव निर्मित सड़क और नाला के दोनों किनारों पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर चिंता जताई है। यहां बिना अनुमति के बड़े पैमाने पर कब्जा कर लिया गया है, जिसे अभियान के तहत हटाया जाएगा। नगर निगम ने सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है कि वे स्वयं अपने द्वारा किए गए अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटा लें, अन्यथा निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ–2026" अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करें, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके।









# पावापुरी में अज्ञात वाहन की ठोकर से विक्षिप्त महिला घायल, पुलिस ने दिखायी तत्परता

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** पावापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मपुर के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक विक्षिप्त महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा–तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही पावापुरी थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह अपने दल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ पुलिसकर्मी विनोद कुमार राय भी मौजूद थे। पुलिस ने बिना देर किए घायल महिला को तत्काल पावापुरी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस की इस तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्षेत्र में अक्सर दो–तीन विक्षिप्त महिला एवं पुरुष सड़कों पर इधर–उधर घूमते नजर आते हैं। ये लोग बिना किसी देखरेख के सड़कों पर रहते हैं, जिससे इनके साथ दुर्घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असहाय एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के लिए ठोस व्यवस्था की जाए।



लोगों का कहना है कि पावापुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल में इन लोगों के लिए विशेष देखभाल एवं इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षित जीवन मिल सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते ऐसे लोगों के लिए पुनर्वास और उपचार की व्यवस्था की जाए, तो न केवल उनकी जान बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में मानवता की एक सकारात्मक मिसाल भी पेश की जा सकती है।

# नूरसराय घटना में पुलिस की कार्रवाई तेज, कई गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नूरसराय थाना क्षेत्र में 26.03.2026 को महिला के साथ हुई घटना के मामले में कांड संख्या 194/26 दर्ज कर तीन नामजद अभियुक्तों को चिन्हित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया है और एक महिला पुलिस पदाधिकारी को जांच सौंपी गई है। पीड़िता के बयान के आधार पर छेड़खानी एवं दुष्कर्म के प्रयास सहित विभिन्न धाराएं जोड़ी गई हैं। अब तक 2 नामजद अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि एक ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। इसके अलावा वीडियो साक्ष्य के आधार पर 7 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 मोबाइल फोन जब्त कर जांच के लिए एफएसएल भेजा है, वहीं 3 अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सोशल मीडिया पर पीड़िता की पहचान उजागर करने और आपत्ति. जनक वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ भी साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया है। नालंदा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऐसे किसी भी कंटेंट को शेयर या प्रसारित न करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और अब तक सभी आपत्तिजनक वीडियो को हटवा दिया गया है।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, आक्रोशित परिजनों ने सड़क जाम कर की कार्रवाई की मांग

**केशववाणी छबीलापुर (नालंदा)।** छबीलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगीर–इस्लामपुर मार्ग पर के.के. मेडिकल कॉलेज के समीप उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया, जब एक मजदूर की करंट लगने से मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गया जिले के नीमचक बथानी थाना क्षेत्र के दिल्ली गांव का रहने वाला था। वह पहले के.के. मेडिकल कॉलेज, लोधीपुर में कार्यरत था, लेकिन बाद में ठेकेदार द्वारा उसे के.के. यूनिवर्सिटी, नेपुरा बेरौटी में काम के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि वहीं काम के दौरान बिजली का करंट लगने से उसकी मौत हो गई।घटना के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गुस्साए परिजन शव को लेकर के.के. मेडिकल कॉलेज साइट के पास पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। परिजन इस दौरान प्रशासन से उचित मुआवजा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे। सड़क जाम के कारण राजगीर–इस्लामपुर मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया और दोनों ओर वा. हनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने–बुझाने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे।

# टारापर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**केशववाणी वेना (नालंदा)।** वेना थाना क्षेत्र के टारापर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, 03 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि टारापर निवासी सुनील कुमार अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही आरोपी सुनील कुमार घर के प्रथम तल से हथियार और कारतूस लेकर पीछे स्थित मकई के खेत में फेंककर भागने लगा। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने खेत में तलाशी ली, जहां से एक काले रंग का पिस्टल (जिस पर MADE IN-U.S.R अंकित है), दो मैगजीन और 08 जिंदा कारतूस (7.65 KF अंकित) बरामद किए गए। सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है।

इस संबंध में वेना थाना में कांड संख्या 247/2026 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के अलावा नवीन कुमार, चन्द्रमा यादव, राकेश रंजन, चन्द्रकांत वर्मा, विनोद पासवान और शंकर कुमार शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।







